न्यायालय–सुकुल राम, अवर न्यायाधीश–1, नरकटियागंज

बंट्वारा वाद सं0–159/2018

CIS No.- 06/2019

सविता रानी एवं अन्य..वादीगण

बनाम

विश्वजीत साह एवं अन्य..प्रतिवादीगण

DATE	ORDER	REMARKS
08.08.2025	उभय पक्षों की ओर से पैरवी है। प्रतिवादी सं0–03 ता 06 की तरफ से एक आवेदन दिनांक 01.08.2024 को दाखिल किया गया है, जो आज दिनांक 08.08.2025 को आदेश हेतु नियत है। प्रतिवादी सं0–03 ता 06 के विद्वान अधिवक्ता निवेदन करते है कि प्रतिवादीगण एक ही परिवार के है। प्रतिवादी सं0–01 और 02 के तरफ से इस वाद में पूर्व में ब्यानतहरीरी दाखिल है जो न्यायालय द्वारा स्वीकृत है। प्रतिवादी मीरा देवी, अंजु पोद्दार, शर्मिला देवी और मंजु देवी उपरोक्त चारों दिनांक 28.05.2024 को न्यायालय में शक्तिपत्र के साथ उपस्थित हुए। प्रतिवादी सं0–01 और 02 द्वारा दाखिल ब्यान तहरीरी को ही प्रतिवादी मीरा देवी, मंजु देवी, अंजु पोद्दार और शर्मिला देवी अपना ब्यान तहरीरी मानते है। अतः श्रीमान् से निवेदन है कि मुदालह सं0–01 और 02 के ब्यानतहरीरी को ही प्रतिवादी सं0–03 ता 06 का ब्यानतहरीरी स्वीकार करने की कृपा करे। वादी की ओर से प्रतिवादी सं0–03 ता 06 के आवेदन दिनांक 01.08.2024 का कोई प्रत्युतर दाखिल नहीं किया गया लेकिन मौखिक विरोध किया एवं आवेदन खारिज होने योग्य बताया गया। उभय पक्षों के विद्वान अधिवक्तागण को सुना तथा अभिलेख का अवलोकन किया। अभिलेख अवलोकन से विदित होता है प्रतिवादी सं0–03 ता 06 की ओर से एक आवेदन दिनांक 01.08.2024 को दाखिल किया गया है तथा निवेदन किया गया है कि सभी प्रतिवादीगण एक ही परिवार के सदस्य है। प्रतिवादी सं0–01 और 02 के ब्यानतहरीरी को ही प्रतिवादी सं0–03 ता 06 का ब्यानतहरीरी स्वीकार	

न्यायालय–सुकुल राम, अवर न्यायाधीश–1, नरकटियागंज

बंट्वारा वाद सं0–159/2018

CIS No.- 06/2019

सविता रानी एवं अन्य..वादीगण

बनाम

विश्वजीत साह एवं अन्य...प्रतिवादीगण

लगातार 08.08.2025	किया जाए। आवेदन के समर्थन में प्रतिवादी मीरा देवी द्वारा शपथ पत्र दाखिल किया गया है। प्रतिवादी सं0–03 ता 06 का आवेदन न्यायोचित प्रतीत होता है और इससे वाद की प्रकृति पर कोई विपरीत असर पड़ता प्रतीत नहीं होता है। अतः न्यायहित प्रतिवादी सं0–03 ता 06 का आवेदन दिनांक 01.08.2024 को स्वीकार किया जाता है। वाद दिनांक 18.09.2025 को अग्रीम कार्रवाई वास्ते नियत किया जाता है। (लेखापित) अवर न्यायाधीश–1 नरकटियागंज	